# दलहन मिशन बढ़ाएगा किसानों की आय

**केंद्र सरकार जल्द शुरू करेगी दहलन आत्मनिर्भरता मिशन**

**2030-31 तक उत्पादन 350 लाख टन पहुंचाने का लक्ष्य**



**नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को लागू करने में किसी किस्म की कोताही न बरती जाये. चौहान ने ये निर्देश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक में दी.**

उन्होंने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए इस मिशन से जुड़े राज्यों के अधिकारियों के साथ बातचीत करने का निर्देश दिया. बैठक में बताया गया कि राज्यों के सहयोग से जिलेवार क्लस्टर बनाकर दालों के मिशन पर काम किया जाएगा. केंद्रीय कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को जमीनी स्तर पर सही तरीके से लागू करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिये. इस योजना के कामकाज में तेजी के लिए संबंधित 11 मंत्रियों के साथ जल्द ही बैठक की जायेगी.

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को देश के 100 आकांक्षी जिलों में कृषि के विकास के लिए 11 मंत्रालयों की 36 उप-योजनाओं को जोड़ा गया है. गौरतलब है कि गत 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया था. यह योजना छह साल चलेगी और इस पर 24,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे. दलहन मिशन भी छह साल के लिए है और इस पर 11,440 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इस मिशन से 2030-31 तक दलहन का रकबा 275 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करने, पैदावार को 242 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन तक बढ़ाने और एक हेक्टेयर की पैदावार 1130 किलोग्राम तक बढ़ाने की उम्मीद है.

## स्वर्ण भंडार पहली बार 100 अरब डॉलर के पार

**मुंबई, 17 अक्टूबर.** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट दर्ज की गयी है जबकि इसमें शामिल स्वर्ण भंडार लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ पहली बार100 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है.

रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.176 अरब डॉलर घटकर 697.784 अरब डॉलर रह गया. विदेशी मुद्रा भंडार की सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.605 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के साथ 572.103 अरब डॉलर रह गयी. इसमें डॉलर के साथ यूरो, पाउंड और येन का भंडार भी शामिल है जिनके डॉलर के सापेक्ष विनिमय दर के आधार पर अमेरिकी मुद्रा में उनका मूल्य निर्धारण किया जाता है.

# विकास का इंजन है पूर्वोत्तर क्षेत्र : सिंधिया

### चार लाख 48 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव हासिल हुए



**नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर. केन्द्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दिया है जिसकी वजह से यहां की औसत विकास दर पिछले 11 वर्षों में नौ से 11 प्रतिशत के बीच रही, जो देश की औसत विकास दर से काफी अधिक है.**

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को संवाददाताओं को मंत्रालय की एक वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि देश की विकास दर जहां औसतन 7.5 प्रतिशत है, जबकि पूर्वोत्तर क्षेत्र की विकास दर पिछले 11 वर्षों में नौ से 11 फीसदी रही है. उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि, व्यापार, वायु, सड़क और रेल संपर्क के क्षेत्र में इतना काम हुआ है कि उस क्षेत्र को आज देश के विकास का इंजन कहा जा सकता है. उन्होंने कहा कि वहां की क्षमता और विविधता सबसे अलौकिक है. सरकार की कोशिश है कि वहां इसे और निखार कर विश्व पटल पर प्रस्तुत किया जाये. सिंधिया कहा कि वहां निवेश के लिए पुरजोर प्रयास किये जा रहे हैं और उद्योगपतियों से निरंतर संपर्क रखा जा रहा है. इसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे हैं. वहां निवेश और विकास के लिए कई पहल की गयी हैं.

उन्होंने कहा कि इस वर्ष मई में आयोजित राइजिंग नार्थ ईस्ट सम्मेलन के दौरान चार लाख 48 हज़ार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव हासिल हुए. उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में पाम आयल, आगरवुड सेक्टर और बांस उद्योग को बढ़ावा देने के विशेष प्रयास किये जा रहे हैं. प्रत्येक राज्य से एक उत्पाद को चयनित किया गया है जिसके उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात को प्रोत्साहित करके उसे राज्य में प्रमुख रोजगार प्रदाता बनाया जायेगा.

# शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी

### सेंसेक्स 485 अंक उछला, निफ्टी 25700 पार



**मुंबई, 17 अक्टूबर. भारतीय शेयर बाजार ने शुक्रवार को ज़बरदस्त वापसी करते हुए सेंसेक्स और निफ्टी दोनों को 52 सप्ताह की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया. बैंकिंग, स्वस्थ्त और ऑटो सेक्टर में तेज़ लिवाली से बाजार में उत्साह दिखा. खास बात यह रही कि 73 सत्रों बाद बैंक निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया.**

शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में उत्साह का माहौल रहा, जहां दिन की शुरुआत हल्की गिरावट से हुई लेकिन बाद में घरेलू निवेशकों की मजबूत लिवाली के चलते बाजार ने रफ्तार पकड़ी. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 485 अंक चढ़कर 84,172 के 52 हफ्ते के उच्च स्तर पर बंद हुआ. वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 155 अंक उछलकर 25,781 पर बंद हुआ.

इस दौरान सबसे बड़ी खबर रही बैंक निफ्टी का 57,830.2 के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचना, जो 73 सत्रों के बाद देखने को मिला. ऑटो और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही, जबकि ब्रुञ्ज और मिडकैप शेयरों में थोड़ा दबाव नजर आया. सेंसेक्स में प्रमुख बढ़त वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और टाइटन शामिल रहे.

# कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में लोन बढ़ाएं

**वित्त मंत्री ने केएजीबी के लोन, एनपीए और योजनाओं की समीक्षा की**

**ग्रामीण बैंकों को कृषि और एमएसएमई सेक्टर पर फोकस**

**बेल्लारी, 17 अक्टूबर. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्रामीण बैंकों से कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों में बढ़ती ऋण की मांग को पूरा करने के लिए अधिक लोन देने को कहा है.**

गुरुवार को बेल्लारी में कर्नाटक ग्रामीण बैंक (केएजीबी) के व्यावसायिक प्रदर्शन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, वित्त मंत्री ने बैंक की लोन वृद्धि, एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति), वित्तीय समावेशन प्रदर्शन और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया.

**एमएसएमई और कृषि पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश-** वित्त मंत्री सीतारमण ने सभी हितधारकों को क्षेत्र में कृषि गतिविधियों की क्षमता का पूरी तरह से दोहन करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया.विशेष रूप से, केएजीबी और उसके प्रायोजक बैंक केनरा बैंक को एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) और उससे जुड़े क्षेत्रों को ऋण वितरण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के विभागों के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया गया है.

### जीएसटी दरों में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों में नए अवसर



वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी दरों को कम करने से खपत में वृद्धि हुई है, जिससे अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नए अवसर खुले हैं . उन्होंने ग्रामीण बैंकों से आग्रह किया कि वे इन क्षेत्रों में ऋण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं .केंद्रीय मंत्री ने केएजीबी और प्रायोजक बैंक को पीएम-विश्वकर्मा और पीएमएफएमई जैसी सरकारी योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों की जाँच प्रक्रिया में सुधार करने के लिए पंचायत स्तर पर संबंधित समितियों के साथ मिलकर काम करने की सलाह दी .

## 1600 सीरीज पर सहमति, चरणबद्ध लागू होगी योजना

**नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर.** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा गुरुवार को यहां आयोजित नियामकों की संयुक्त समिति की 9वीं बैठक में 1600 नंबर सीरीज को चरणबद्ध तरीके से लागू करने पर सहमति बनी. नियामकों की संयुक्त समिति का उद्देश्य आम ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाने के उपाय खोजना है. इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय, उपभोक्ता कार्य मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के अधिकारी भी शामिल हुए.

# पर्यटन में बड़े निवेश की जरूरत

**भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश का सही समय : गोयल**

**एयरलाइन क्षमता और होटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोतरी की ज़रूरत**



**नई दिल्ली , 17 अक्टूबर. केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत के हॉस्पिटैलिटी (अतिथि सत्कार) सेक्टर में निवेश करने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि देश की बढ़ती आर्थिक गति के बीच यह उद्योग लगातार मजबूती से प्रदर्शन कर रहा है. उन्होंने उद्योग और सरकार से मिलकर हाई-स्पेंडिंग यानी ज़्यादा खर्च करने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने की एक केंद्रित रणनीति बनाने का आह्वान किया.**

**विमानन और प्रीमियम होटलों में निवेश की मांग-** एसोचैम के वार्षिक सम्मेलन और 105वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत का यात्रा और पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.गोयल ने कहा कि दुनिया विमानों की कमी का सामना कर रही है. पोस्ट-कोविड, मैंने सोचा था कि लोग कम यात्रा करेंगे, लेकिन इसके विपरीत हो रहा है. उन्होंने कहा कि सीमित उड़ान क्षमता और अपर्याप्त सीटें वैश्विक स्तर पर हवाई किराए को प्रभावित कर रही हैं.

मंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत को ऐसे पर्यटक लाने चाहिए जो शॉपिंग, प्रीमियम होटलों और बेहतर यात्रा अनुभवों पर अधिक खर्च करते हैं. उन्होंने कहा, हम अभी तक उन पर्यटकों को लाने में सफल नहीं हो पाए हैं जो वास्तव में बड़े खर्चों पर खर्च करते हैं, जैसे बेहतर कमरे, बेहतर होटल, बेहतर यात्रा सामान आदि. गोयल ने कहा कि बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को और अधिक थ्री-स्टार, फोर-स्टार और फाइव-स्टार होटलों की आवश्यकता होगी.

### आर्थिक लचीलापन और विकास दर

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, गोयल ने भारत के समग्र आर्थिक दृष्टिकोण पर विश्वास जताया . उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल ही में भारत की विकास दर के अनुमान को 6 .4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 .6 प्रतिशत कर दिया है . उन्होंने बताया कि सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीतिआठ साल के निचले स्तर 1 .54 प्रतिशत पर आ गई है, और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 700 बिलियन डॉलर के साथ मज़बूत बना हुआ है .

# आरबीआई-सरकार समन्वय से संभली महंगाई

**गवर्नर संजय ने कहा : केंद्र और राज्य सरकारों का राजकोषीय अनुशासन बना आर्थिक स्थिरता का नींव**

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर. आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के बीच मजबूत समन्वय ने भारत को टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितता के चुनौतीपूर्ण समय में आर्थिक वृद्धि को समर्थन देते हुए महंगाई को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.**

आरबीआई गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के दौरान आईएमएफ के एशिया और प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन के साथ बातचीत के दौरान कहा कि, बढ़ते टैरिफ और कमोडिटी की कीमतों में अस्थिरता के बीच भारत उभरते बाजारों के लिए महंगाई का प्रबंधन कितना चुनौतीपूर्ण रहा है, मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक राजकोषीय प्राधिकरणों के बीच समन्वित दृष्टिकोण महत्वपूर्ण रहा है.

### रुपये की स्थिरता पर ज़ोर



विनिमय दरकी अस्थिरता के प्रबंधन पर, मल्होत्रा ने कहा कि जबकि उभरते बाजार की मुद्राएं अमेरिकी डॉलर के मुकाबले काफी अस्थिर रही हैं, भारत का दृष्टिकोण किसी विशिष्ट स्तर को लक्षित करने के बजाय रुपये की व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करने पर रहा है .उन्होंने कहा कि उच्च टैरिफ और कुछ पूंजी बहिर्वाह के बावजूद, भारतीय रुपये और इक्विटी का प्रदर्शन समय के साथ मजबूत रहा है .

## स्पाइसजेट की नई उड़ानें अब नजफ के लिए भी!

**नयी दिल्ली, 17 अक्टूबर.** निजी विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट इराक के पवित्र नजफ शहर के लिए शनिवार से विशेष उड़ानें शुरू करेगी. एयरलाइंस ने बताया कि वह मुंबई से 18 अक्टूबर से 29 मार्च तक हर नौ दिन पर नजफ के लिए एक उड़ान शुरू करने वाली है. इसी तरह अहमदाबाद से 19 अक्टूबर से 30 मार्च तक हर नौ दिन पर एक उड़ान का परिचालन करेगी. मुंबई के लिए वापसी की उड़ान 27 अक्टूबर से 29 मार्च तक हर नौ दिन पर और अहमदाबाद के लिए 28 अक्टूबर से 30 मार्च तक हर नौ दिन पर उपलब्ध होगी.

# 20 साल में पहली बार अमेरिका हुआ टॉप-10 से बाहर

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है. बीते दो दशकों से शीर्ष 10 में बना रहा अमेरिकी पासपोर्ट पहली बार इस सूची से बाहर हो गया है. भारत की रैंकिंग में भी गिरावट दर्ज की गई है.**

हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा जारी पासपोर्ट रैंकिंग को दुनियाभर में यात्रा स्वतंत्रता का पैमाना माना जाता है. इस साल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की रैंकिंग गिरकर 12वें स्थान पर आ गई है, जहां वह अब मलेशिया के साथ खड़ा है. अमेरिका के नागरिक अब सिर्फ 180 देशों में बिना वीजा या वीजा ऑन-अराइवल सुविधा का लाभ उठा सकते हैं इससे पहले, 2014 में अमेरिकी पासपोर्ट पहले स्थान पर था, लेकिन बदलते वैश्विक समीकरणों और देशों की आपसी वीजा नीतियों ने इसकी ताकत को सीमित कर दिया है. भारत के लिए यह रिपोर्ट और भी चिंताजनक है. पिछले साल 80वें स्थान पर रहा भारत अब 85वें नंबर पर आ गया है.

## समाचार विशेष

# अपना ही राइट हैंड काट रहे नीतीश

### सीएम आवास की एंट्री पर लगाया बैन, दिल्ली वाले मंत्री को भी दी चेतावनी



**पटना. बिहार की राजनीति में इस समय हलचल मची हुई है. चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके बेहद करीबी माने जाने वाले मंत्री अशोक चौधरी के बीच भरोसेमंद रिश्ता खत्म हो गया है.**

सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ने अशोक चौधरी के मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश पर रोक लगा दी है. यह फैसला अचानक नहीं बल्कि पिछले कुछ दिनों से चल रही नाराजगी का नतीजा है. यह घटनाक्रम बिहार के राजनीतिक गलियारों में रात 11 बजे मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक के दौरान दबी जुबान से सामने आया. इस घटना की चर्चा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से फैल रही है.

मीडिया रिपोर्ट्स और राजनीतिक सूत्रों से पता चलता है कि बीती रात के अंधेरे में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, एक जेडीयू नेता और एक केंद्रीय मंत्री के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचे. अशोक चौधरी को देखकर नीतीश कुमार दंग रह गए. सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार ने अशोक चौधरी की तरफ देखा और कहा, तुम यहां कैसे आ गए? इसके अलावा जिस नेता के साथ अशोक चौधरी थे, उन्होंने नीतीश कुमार को स्पष्ट किया कि वे उन्हें लेकर नहीं आए थे. वह खुद आए थे. इसके बाद नीतीश कुमार ने अशोक चौधरी को फटकार लगाते हुए कहा कि प्रशांत किशोर द्वारा लगाए गए आरोपों के सबूत पेश करें. अपनी बेगुनाही साबित करें. तभी हम किसी बात पर चर्चा कर सकते हैं.

सूत्रों के अनुसार, नीतीश कुमार ने दिल्ली के मंत्री से कहा कि उन्होंने अशोक चौधरी का प्रवेश रोक दिया है. अगर आप उन्हें लाए हैं, तो भविष्य में सावधान रहें. इस खबर ने बिहार के राजनैतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. रिपोर्टों के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में अपने निजी सचिवालय को निर्देश दिया है कि मंत्री अशोक चौधरी को फिलहाल मुख्यमंत्री आवास आने से रोका जाए.

### नीतीश के भरोसेमंद थे अशोक

अशोक चौधरी को नीतीश कुमार का सबसे भरोसेमंद मंत्री माना जाता था . शिक्षा विभाग से लेकर जेडीयू तक, कई अहम फैसलों में उनकी अहम भूमिका रही . नीतीश कुमार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से उनकी तारीफ भी की, लेकिन हाल के महीनों में दोनों के बीच दरार बढ़ गई है . राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, इस नाराज़गी के कई कारण हैं . पहला, अशोक चौधरी की कुछ गतिविधियां मुख्यमंत्री की जानकारी के बिना होने लगीं . दूसरा, जदयू में उनके बढ़ते प्रभाव ने नीतीश को चिंतित कर दिया है .

# जिस कबूतर पर विवाद, अब वही चुनावी चिह्न...

### जैन समुदाय ने किया नई पार्टी का ऐलान



**मुंबई. मुंबई में बीएमसी चुनाव नजदीक हैं और इस बार एक नई पार्टी मैदान में उतरने जा रही है - शांतिदूत जन कल्याण पार्टी. दिलचस्प बात यह है कि इस पार्टी का सिंबल 'कबूतर' रखा गया है, जिसे शांति का प्रतीक माना जाता है. लेकिन इसके पीछे सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि कबूतरों को दाना खिलाने पर लगे प्रतिबंध से जुड़ा एक धार्मिक और सामाजिक विवाद भी है.**

मुंबई में जैन समाज के धार्मिक नेताओं ने एक नई राजनीतिक पार्टी 'शांतिदूत जन कल्याण पार्टी' के गठन की घोषणा की है. यह पार्टी आने वाले बीएमसी चुनावों में हिस्सा लेगी और इसका मुख्य एजेंडा रहेगा पशु संरक्षण और कबूतरखानों की रक्षा.

### जैन समुदाय का योगदान देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा

कुछ नेताओं ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सत्ता जैन समुदाय के समर्थन से ही बनी है और इस समुदाय का योगदान देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा है . एक नेता ने कहा, गुजराती और मारवाड़ी समुदाय न सिर्फ सबसे बड़े टैक्स पेयर हैं, बल्कि किसी भी आपदा या संकट के समय सबसे ज्यादा दान देने वाले भी यही लोग हैं . हालांकि, एक अन्य नेता का बयान विवादों में आ गया जब उन्होंने कहा, अगर एक आदमी मर जाए तो कोई बात नहीं, लेकिन जो डॉक्टर कबूतरों की बीट को स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक बताते हैं, वो खुद मूर्ख हैं .

# चौपाल पर गरमाने लगी राजनीति

### होने लगी प्रत्याशियों की अग्नि परीक्षा




**पुरैनी (मधेपुरा). बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में आगामी 06 नवंबर को 70 आलमनगर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव को लेकर जहां नामांकन का दौर जारी है. वहीं, यहां से सिर्फ जनसुराज पार्टी को छोड़कर अब तक कोई भी गठबंधन एवं पार्टी अपना प्रत्याशी तय नहीं कर पाया है. फिलहाल टिकट पाने के लिए सभी दलों के संभावित प्रत्याशी राजधानी में डेरा जमा कर हर तिकड़म लगाने में व्यस्त है.**

यहां मुख्य धारा में दो चिर-प्रतिद्वंद्वी गठबंधन के बीच ही सीधी लड़ाई होने की शत-प्रतिशत संभावना जताई जा रही है. गांव के चौपाल से लेकर चौक-चौराहे स्थित चाय-पान की दुकानों,बस पड़ाव आदि पर चुनावी चर्चाएं धीरे-धीरे तेज होने लगी है. इन चौपालों पर फिलहाल संभावित प्रत्याशियों को विभिन्न कसौटियों पर तौला जा रहा है. प्रखंड अंतर्गत नरदह पंचायत के दुहबी-सुहबी टोले में जागरण पंचायत क्लब के तहत चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया. चौपाल में उपस्थित अधिकांश मतदाताओं का कहना था कि इस बार मतदाताओं का मन-मिजाज कुछ बदला-बदला सा लग रहा है.

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के सिटिंग प्रत्याशी को क्षेत्रीय विकास के नाम पर जगह-जगह विरोध झेलना पड़ रहा है. आलमनगर विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के नाम पर काफी पिछड़ा है. इस क्षेत्र का तीस वर्षों से लगातार प्रतिनिधित्व करने वाले आज तक यहां एक भी सरकारी डिग्री कालेज की स्थापना नहीं कर पाए हैं.

**विशेष** **औराई सीट से रामसूरत राय का टिकट काट रमा को उम्मीदवार बनाया**

# रमा निषाद के कारण कटा कद्दावर विधायक का टिकट



**मुजफ्फरपुर. भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए कई बड़े बदलाव किए हैं. मुजफ्फरपुर जिले की चर्चित औराई विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक रामसूरत राय का टिकट काटकर पार्टी ने रमा निषाद को उम्मीदवार बनाया है. यह फैसला न केवल क्षेत्रीय राजनीति के लिए बल्कि भाजपा के भीतर भी एक नए प्रयोग के रूप में देखा जा रहा है.**

रमा निषाद भाजपा के दिग्गज नेता और मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद रह चुके अजय निषाद की पत्नी हैं. इसके साथ ही वह जेडीयू के पूर्व कद्दावर नेता और निषाद समुदाय के शीर्ष नेताओं में गिने जाने वाले कैप्टन जयनारायण निषाद की बहू हैं. रमा निषाद पहले हाजीपुर नगर परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं और नगर निकाय चुनाव में उन्होंने जोरदार मुकाबला किया था, हालांकि उन्हें उस चुनाव में अपने ही रिश्तेदार से हार का सामना करना पड़ा था. रमा निषाद को राजनीति की गहरी समझ और संगठन में अनुभव रखने वाली महिला नेता माना जाता है. अपने पति अजय निषाद के चुनाव अभियानों में उन्होंने हमेशा सक्रिय भूमिका निभाई है. पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उनकी छवि जमीन से जुड़ी नेता की रही है, जो लगातार जनता के बीच संवाद बनाए रखती हैं. यही वजह है कि भाजपा नेतृत्व ने उन्हें औराई से उम्मीदवार बनाकर नया राजनीतिक दांव खेला है.

**परिवार की राजनीतिक विरासत और पार्टी का भरोसा-** रमा निषाद का परिवार लंबे समय से राजनीति में सक्रिय रहा है. उनके ससुर कैप्टन जयनारायण निषाद निषाद समुदाय के मजबूत जनाधार वाले नेता माने जाते थे.

### भाजपा का 'नई संभावनाओं' पर दांव

औराई विधानसभा से रमा निषाद को टिकट देकर भाजपा ने यह संकेत दिया है कि पार्टी अब नए और अनुभवी चेहरों पर भरोसा दिखा रही है . रमा निषाद को निषाद समुदाय के साथ-साथ महिला मतदाताओं के बीच भी प्रभावशाली माना जा रहा है . अब देखना यह होगा कि यह राजनीतिक प्रयोग कितना सफल साबित होता है और क्या रमा निषाद भाजपा के लिए नया जनाधार तैयार कर पाती हैं .